चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम पंजाब केसरी

दिनांक 14.2.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-2

# इंगलैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफैसर ने व्याख्यान में की शिरकत



कार्यक्रम में उपस्थित हकृवि के छात्र एवं पूर्व छात्र मुख्य वक्ता के साथ।

■ व्याख्यान में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कुछ पूर्व छात्रों ने भी लिया भाग

हिसार, 13 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काऊंसिलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा विश्व स्तर पर खेती में नई खोज एवं उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंगलैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफैसर डा. मदन थंगवलू मुख्य वक्ता थे। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कुछ पूर्व छात्रों ने भाग लिया। प्रोफैसर थंगवलू जोकि इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं, ने पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक स्थायी संबंध स्थापित करने हेतु योजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर वर्तमान छात्रों ने अपने विषय को आगे बढ़ाने की अलग-अलग परियोजनाएं मुख्य वक्ता के समक्ष रखी। इस दौरान पूर्व छात्रों ने मुख्य रूप से ऐसे गांवों के छात्रों से संवाद किया जिनकी जनसंख्या 5000 या उससे ज्यादा है। इन छात्रों को छात्र कल्याण निदेशालय और पूर्व छात्रों द्वारा मिलकर मार्गदर्शन करने एवं वित्तीय सहायता देने पर विचार किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हे समाज के कल्याण के लिए कार्य करने को कहा। सहनिदेशक छात्र कल्याण डा. ओमेन्द्र सांगवान ने काऊंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डा. आर.के. नानवाल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा. जगबीर रावत व डा. डी.के. शर्मा भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक ..14.2.2019.. पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-2....

## कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. थंगवलू छात्रों से हुए रूबरू



हिसार। एचएयू के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्व स्तर पर खेती में नई खोज एवं उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान इंग्लैंड की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. मदन थंगवलू मुख्य वक्ता थे। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कुछ पूर्व छात्रों ने भाग लिया। एचएयू के ही पूर्व छात्र रहे प्रोफेसर थंगवलू ने पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक स्थायी संबंध स्थापित करने के लिए योजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर वर्तमान छात्रों ने अपने विषय को आगे बढ़ाने की अलग-अलग परियोजनाएं मुख्य वक्ता के समक्ष रखी। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सहनिदेशक छात्र कल्याण डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. आरके नानवाल, डॉ. जगबीर रावत व डॉ. डीके शर्मा भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 14.2.2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 1

### छात्रों से कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने लिया फीडबैक

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा विश्व स्तर पर खेती में नई खोज एवं उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर इंग्लैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. मदन थंगवलू मुख्य वक्ता रहे। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कुछ पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रो. थंगवलू जोकि इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं, ने पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक स्थायी संबंध स्थापित करने के लिए योजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर वर्तमान छात्रों ने विषय को आगे बढ़ाने की अलग-अलग परियोजनाएं मुख्य वक्ता के समक्ष रखी। इस दौरान पूर्व छात्रों ने मुख्य रूप से ऐसे गांवों के छात्रों से संवाद किया, जिनकी जनसंख्या 5000 या उससे ज्यादा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
# लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 14.2.2019 पृष्ठ सं. 15 कॉलम 7-8

## पूर्व छात्र संवारेंगे वर्तमान छात्रों का भविष्य


हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के तहत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की तरफ से विश्व स्तर पर खेती में नई खोज एवं उद्योग विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर इंग्लैंड की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा. मदन थंगवलू मुख्य वक्ता थे। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कुछ पूर्व छात्रों ने भाग लिया। प्रोफेसर थंगवलू एचएयू के ही पूर्व छात्र हैं। उन्होंने पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक स्थायी संबंध स्थापित करने के लिए योजना प्रस्तुत की। वर्तमान छात्रों ने अपने विषय को आगे बढ़ाने की अलग-अलग परियोजनाएं मुख्य वक्ता के समक्ष रखी। पूर्व छात्रों ने ऐसे गांवों के छात्रों से संवाद किया, जिनकी जनसंख्या 5000 या ज्यादा है। (जासं)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम सिटी पल्स

दिनांक 13.2.2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 7-8

# एचएयू में काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा विश्व स्तर पर खेती में नई खोज पर व्याख्यान



**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा विश्व स्तर पर खेती में नई खोज एवं उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंग्लैंड की कैंम्ब्रिज यूनवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. मदन थंगवलू मुख्य वक्ता थे। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कुछ पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

प्रोफेसर थंगवलू जोकि इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं, ने पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक स्थायी संबंध स्थापित करने हेतू योजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर वर्तमान छात्रों ने अपने विषय को आगे बढ़ाने की अलग-अलग परियोजनाएं मुख्य वक्ता के समक्ष रखी। इस दौरान पूर्व छात्रों ने मुख्य रूप से ऐसे गांवों के छात्रों से संवाद किया जिनकी जनसंख्या 5000 या उससे ज्यादा है। इन छात्रों को छात्र कल्याण निदेशालय और पूर्व छात्रों द्वारा मिलकर मार्गदर्शन करने एवं वित्तीय सहायता देने पर विचार किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हे समाज के कल्याण के लिए कार्य करने को कहा। सहनिदेशक छात्र कल्याण डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. आरके नानवाल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. जगबीर रावत व डॉ. डीके शर्मा भी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ..नित्य भास्कर टाईम्स..........

दिनांक 13.2.2019 पृष्ठ सं. ......6...... कॉलम ......1-4..........

# छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक स्थायी संबंध स्थापित करने के लिए योजना प्रस्तुत

हिसार, 13 फरवरी (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के तहत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा विश्व स्तर पर खेती में नई खोज एवं उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंग्लैंड की कैम्ब्रिज यूनवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. मदन थंगवलू मुख्य वक्ता थे। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ कुछ पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

प्रोफेसर थंगवलू जो कि इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं, ने पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए एक स्थायी संबंध स्थापित करने के लिए योजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर वर्तमान छात्रों ने अपने विषय को आगे बढ़ाने की अलग-अलग परियोजनाएं मुख्य वक्ता के समक्ष रखी। इस दौरान पूर्व छात्रों ने मुख्य रूप से ऐसे गांवों के छात्रों से संवाद किया जिनकी जनसंख्या 5000 या उससे ज्यादा है। इन छात्रों को छात्र कल्याण निदेशालय और पूर्व छात्रों द्वारा मिलकर मार्गदर्शन करने एवं वित्तीय सहायता देने पर विचार किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हे समाज के कल्याण के लिए कार्य करने को कहा। सहनिदेशक छात्र कल्याण डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. आरके नानवाल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. जगबीर रावत व डॉ. डी.के. शर्मा भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक ..14.2.2019.. पृष्ठ सं. ....16.... कॉलम ....5-6....

# एमडीयू ने लुवास को तीन रन से हराया


मुख्य अतिथि डा. एमके गर्ग के साथ क्रिकेट खिलाड़ी।

जागरण संवाददाता, हिसार : गोल्डन जुबली ऑल इंडिया वाइस-चांसलर कप क्रिकेट टी-20 प्रतियोगिता 2019 के सेमीफाइनल मैच में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक ने लाला लाजपत राय पशुविज्ञान विश्वविद्यालय को एक रोमांचक मुकाबले में हराते हुए फाइनल में जगह बना ली है। अब महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम 14 फरवरी को फाइनल खेलेगी। हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित सेमीफाइनल के इस रोमांचक मुकाबले में एमडीयू की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

एमडीयू की टीम धीमी गति की इस खेल मैदान की पिच पर 94 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सलामी बल्लेबाज नरेंद्र कुमार ने आतिशी पारी खेलते हुए शानदार 35 रनों का योगदान दिया। एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुमेर अहलावत, टीम मैनेजर निरंजन कुमार, पूर्व प्रधान राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष हरीश हुड्डा व कृष्ण ने भी इस मौके पर उपस्थित रहकर टीम का उत्साह बढ़ाया और जीत के लिए बधाई दी। एमडीयू का फाइनल मैच 14 फरवरी को सुबह एचएयू के खेल मैदान में होगा।

**शानदार क्षेत्ररक्षण के कारण जीती टीम :** 94 रनों का पीछा करने उतरी लाला लाजपत राय पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम की शुरुआत ठीक-ठाक रही। लेकिन धीरे-धीरे एमडीयू के गेंदबाजों एवं क्षेत्ररक्षकों ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया। गेंदबाजी में पंकज नैन, कप्तान राज व विवेक चौहान ने दो-दो विकेट, दीपक कुमार ने रनों की गति पर लगाम कसते हुए एक विकेट लिया। राजेश शर्मा, गौरव दुरेजा, राजेश कुमार व पंकज नैन ने एक-एक रन आउट किया। एमडीयू के महिपाल का बेहतरीन कैच मैच का टर्निंग प्वाइंट रहा।

एमडीयू की सटीक गेंदबाजी एवं कड़े क्षेत्ररक्षण के चलते लाला लाजपत राय पशु विज्ञान विवि की टीम 91 रन ही बना सकी। एमडीयू ने तीन रन से शानदार जीत प्राप्त की। टीम खिलाड़ी रामबीर राणा, राजेश शर्मा, मोहित कुमार, ऋषि, संदीप कुमार व विवेक कुमार ने भी इस मैच में शानदार प्रदर्शन कर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक ..14.2.2019.. पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....3-4....

# टी-20 क्रिकेट : एमडीयू-पीयू पटियाला में होगी खिताबी जंग



भास्कर न्यूज़| हिसार

हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित गोल्डन जुबली ऑल इंडिया वाइस-चांसलर कप क्रिकेट टी-20 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक की क्रिकेट टीम ने लाला लाजपत राय पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं पंजाब विश्वविद्यालय की टीम भी 72 रन से मैच जीतकर फाइनल में पहुंच गई है। इस दौरान वीसी के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। ऐसे अब फाइनल मुकाबला एमडीयू और पंजाब विवि पटियाला के बीच खेला जाएगा। एचएयू के खेल मैदान में हुए सेमीफाइनल के इस रोमांचक मुकाबले में एमडीयू की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। एमडीयू के खिलाड़ी धीमी गति की इस खेल मैदान की पिच पर 94 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सलामी बल्लेबाज नरेन्द्र कुमार ने आतिशी पारी खेलते हुए शानदार 35 रन का योगदान दिया। एमडीयू का फाइनल मैच 14 फरवरी को सुबह एचएयू के खेल मैदान में होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक ..14.2.2019.. पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....6-8....

# सेमीफाइनल में एमडीयू ने लुवास को तीन रन से हराया

## एचएयू में गोल्डन जुबली ऑल इंडिया वाइस-चांसलर कप क्रिकेट टी-20 आयोजित

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। एचएयू में आयोजित गोल्डन जुबली ऑल इंडिया वाइस-चांसलर कप क्रिकेट टी-20 के सेमीफाइनल मैच में एमडीयू रोहतक की टीम ने लुवास की टीम को हराते हुए फाइनल में जगह बना ली है। अब महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम वीरवार को फाइनल मैच में एचएयू के साथ भिड़ेंगी।

सेमीफाइनल मुकाबले में एमडीयू की टीम ने टॉस जीतकर पहले, बल्लेबाजी का निर्णय लिया। एमडीयू की टीम धीमी गति के इस खेल मैदान की पिच पर 94 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सलामी बल्लेबाज नरेंद्र कुमार ने 35 रनों का योगदान दिया। 94 रनों का पीछा करने उतरी लाला लाजपत राय पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम की शुरुआत ठीक-ठाक रही। मगर धीरे-धीरे एमडीयू के गेंदबाजों एवं क्षेत्र रक्षकों ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया। एमडीयू के महिपाल का बेहतरीन कैच मैच का टर्निंग प्वाइंट रहा। एमडीयू की सटीक गेंदबाजी एवं कड़े क्षेत्ररक्षण के चलते लाला लाजपत राय पशु विज्ञान विवि की टीम 91 रन ही बना सकी। एमडीयू ने तीन रन से जीत दर्ज की। एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुमेर अहलावत, टीम मैनेजर निरंजन कुमार, पूर्व प्रधान राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष हरीश हुड्डा व कृष्ण ने भी उपस्थित रहे।



एचएयू में क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. एमके गर्ग के साथ खिलाड़ी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 14.2.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1

## फल एवं सब्जी प्रसंस्करण प्रशिक्षण को मांगे आवेदन

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति के युवक-युवतियों के लिए फल एवं सब्जी प्रसंस्करण पर 12 मार्च से 19 मार्च तक एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र की निदेशिका डॉ. राजबाला ग्रेवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के लिए फल एवं सब्जी उत्पादों के विभिन्न पहलुओं के अलावा उनको बनाने की आधुनिक व वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में 18 से 25 वर्ष (12 मार्च तक) आयु के युवक-युवतियां हिस्सा ले सकते हैं। इस प्रशिक्षण में कुल 25 प्रशिक्षणार्थियों को शामिल किया जाएगा, जिनका चयन विभागीय चयन समिति द्वारा पहले आओ, पहले पाओ नीति के आधार पर होगा। यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। उनके अनुसार आवेदक का बैंक में खाता होना अनिवार्य है और आवेदक को अपने बैंक खाते का आवेदन-पत्र में विवरण अवश्य देना होगा। जिन उम्मीदवारों ने इस विभाग द्वारा आयोजित पहले किसी प्रशिक्षण में भाग लिया होगा, उनका आवेदन मान्य नहीं होगा। उन्होंने कहा उम्मीदवारों के आवेदन पत्र निदेशक, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र के कार्यालय में 25 फरवरी से 28 फरवरी तक पहुंच जाने चाहिए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम सिटी पल्स

दिनांक 13.2.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-2

# फल एवं सब्जी प्रसंस्करण प्रशिक्षण के लिए मांगे आवेदन

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा अनुसूचित जाति के युवक-युवतियों के लिए फल एवं सब्जी प्रसंस्करण पर 12 मार्च से 19 मार्च तक एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त केन्द्र की निदेशिक डॉ. राजबाला ग्रेवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार हेतु फल एवं सब्जी उत्पादों के विभिन्न पहलुओं के अलावा उनको बनाने की आधुनिक व वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया इस प्रशिक्षण में 18 से 25 वर्ष आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। इस प्रशिक्षण में कुल 25 प्रशिक्षणार्थियों को शामिल किया जाएगा, जिनका चयन विभागीय चयन समिति द्वारा पहले आओ, पहले पाओ नीति के आधार पर होगा। यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। उनके अनुसार आवेदक का बैंक में खाता होना अनिवार्य है तथा आवेदक को अपने बैंक खाते का आवेदन पत्र में विवरण अवश्य देना होगा। जिन उम्मीदवारों ने इस विभाग द्वारा आयोजित पहले किसी प्रशिक्षण में भाग लिया होगा उनका आवेदन मान्य नहीं होगा। उन्होंने कहा उम्मीदवारों के आवदेन पत्र निदेशक, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र के कार्यालय में 25 फरवरी से 28 फरवरी तक पहुंच जाने चाहिए।